नोएडा के बाद कानपुर में बनेंगे मोबाइल, पहली फ्लैटेड फैक्टरी में 830 करोड़ का निवेश

उत्तर प्रदेश की पहली बहुद्देशीय फ्लैटेड फैक्टरी की इमारत कानपुर में बनने का रास्ता साफ हो गया। 101 करोड़ रुपये से बनने वाली ये बिल्डिंग 1200 करोड़ का निवेश लाएगी।

उत्तर प्रदेश की पहली बहुद्देशीय फ्लैटेड फैक्टरी की इमारत कानपुर में बनने का रास्ता साफ हो गया। 101 करोड़ रुपये से बनने वाली ये बिल्डिंग 1200 करोड़ का निवेश लाएगी। खास बात है कि इसी में सिंगापुर की मोबाइल कंपनी वीडा टैली ने 830 करोड़ रुपये का निवेश करने का लेटर ऑफ इंटरेस्ट भी दे दिया है। मंगलवार को फजलगंज स्थित उपायुक्त उद्योग कार्यालय में जिलास्तरीय कमेटी की पहली बैठक में इसे मंजूरी दी गई।

फजलगंज में फ्लैटेड फैक्टरी को प्रदेश सरकारी की नई एमएसएमई नीति के तहत निजी क्षेत्र के प्रस्ताव पर विकसित किया जाएगा। सिया मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने प्रोजेक्ट पेश किया था। इसमें सात साल तक ब्याज सब्सिडी सालाना दो करोड़ रुपये तक मिलेगी।

फजलगंज में फ्लैटेड फैक्टरी को प्रदेश सरकारी की नई एमएसएमई नीति के तहत निजी क्षेत्र के प्रस्ताव पर विकसित किया जाएगा। सिया मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने प्रोजेक्ट पेश किया था। इसमें सात साल तक ब्याज सब्सिडी सालाना दो करोड़ रुपये तक मिलेगी।

यहां सॉफ्टवेयर, होजरी, चमड़ा, रेडीमेड के अलावा सेवा क्षेत्र की ग्रीन कैटेगरी की फैक्टरियां खुलेंगी। सिंगापुर की कंपनी वीडा टेली ने 830 करोड़ रुपये का लेटर ऑफ इंटरेस्ट भी दे दिया है। नोएडा के बाद पहली बार कानपुर में कंपनी मोबाइल और टैबलेट्स की मैन्यूफैक्चरिंग होगी। 40 इकाइयों की एक मंजिल कंपनी लेगी। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत एक प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर गया था। वहां 2000 करोड़ के एमओयू साइन हुए थे। उसमें 830 करोड़ के मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग का एमओयू हुआ था जो नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ न जाकर कानपुर आ रहा है। बैठक में डॉ. अजय यादव, सुनील यादव, दीपेंद्र शुक्ला, हिमांशु जैन, राकेश वर्मा, राजदीप सिंह, आरके सिंह, नानक चंद्र, अजय पवार, अमित मिश्रा, शोभित बंसल, अभिषेक राज, अशरफ रिजवान मौजूद थे।

जिला उद्योग केंद्र उपायुक्त सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी की बैठक में पहली फ्लैडेट फैक्टरी को स्वीकृत कर दिया गया। निजी सेक्टर के साथ यूपी की पहली फ्लैटेड फैक्टरी है। सिंगापुर की मोबाइल कंपनी वीडा टैली यहां मोबाइल बनाएगी।

सिया मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड निदेशक गोपी किशन गुप्ता ने बताया कि सरकार के सहयोग से बन रही इस बहुद्देशीय फ्लैटेड फैक्टरी में 210 इकाइयां खुलेंगी। उनके अलावा भारी उद्योग के लिए 10 प्लाट भी रहेंगे। अगले साल इमारत बनकर तैयार हो जाएगी।